# प्रारुप–11

**परियोजना का नाम– पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत सौड़ से ओसला मोटर मार्ग का निर्माण।**

(प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि की मांग का पूर्ण औचित्य दर्शाते हुए विस्तृत आख्या प्रस्ताव के साथ संलग्न की जानी है।)

## विस्तृत आख्या

उपरोक्त मोटर मार्ग की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0 910/पी1–16/यू0आर0आर0डी0ए0/ 05 दिनांक 21 जून 2006 लाख की प्राप्त है। यह मोटर मार्ग ग्राम सौड़ से प्रारम्भ होकर ग्राम ढाटमीर, तालुका, गंगाड़, पंवाणी को जोड़ते हुये ओसला तक निर्मित किया जायेगा।

उक्त मोटर मार्ग के समरेखण की प्रस्तावित वास्तविक लम्बाई 28.100 कि0मी0 है, जिससे ग्राम ढाटमीर, गंगाड़, पंवाणी एवं ओसला पूर्ण रूप से मोटर मार्ग से जुड़ जायेंगे। इस क्षेत्र में हरकीदून पर्यटक स्थल स्थित है जो विश्व प्रसिद्ध है।, प्रतिवर्ष विश्व भर से हजारों पर्यटक यंहा भ्रमण हेतु आते हैं, जिन्हें पैदल ही ओसला तक लगभग 14 कि0मी0 पैदल जाना पड़ता है तत्पश्चात 14 कि0मी0 पैदल चलकर पर्यटक हरकीदून पर्यटक स्थल पहुंचते हैं। क्षेत्र में पर्यटन के विकास की दृष्टि से उपरोक्त मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना नितान्त आवश्यक है। इस मोटर मार्ग के निर्माण से विश्व भर के पर्यटकों के साथ–साथ ग्राम ढाटमीर, गंगाड, पंवाणी एवं ओसला के ग्रामीणों को क्षेत्र में उत्पादित नगदी फसलों को मण्डियों तक पहुँचाने में सुविधा होगी जिससे क्षेत्र का आर्थिक एवं सामाजिक विकास होगा।

मोटर मार्ग निर्माण हेतु 22.2165 है0 आरक्षित एवं सिविल सोयम वनभूमि की आवश्यकता होगी जिसका हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित किया गया है।

Am
आनन्द मोहन रायजादा
अधिशासी अभियन्ता
पी.एम.जी.एस.वाई., पि0ग्रा0, पुरोला
Executive Engineer
PMGSY, I.D., Purola
(Uttarkashi)